31 AUG 2019

GENERAL STUDIES (Module – 10)

drishti

DTVF/19 (N-M)–M–**GS20**

निर्धारित समयः तीन घंटे *Time allowed: Three Hours*	अधिकतम अंकः 250 *Maximum Marks: 250*

Name: Girdhari lal Meena **Mobile Number:** ________

Medium (English/Hindi): Hindi **Reg. Number:** AWAKE-19/E017

Center & Date: 31/08/2019 Delhi **UPSC Roll No.** *(If allotted)*: 0856006

प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें:

इसमें तेरह प्रश्न हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहियें जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिये।

प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिये।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instruction carefully before attempting questions:

*There are **THIRTEEN** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

All the questions are compulsory.

The number of marks carried by a question is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

केवल मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा भरा जाए *(To be filled by Evaluator only)*

Question Number	Marks	Question Number	Marks
1 (a)		6 (b)	
1 (b)		7 (a)	
2 (a)		7 (b)	
2 (b)		8	
3 (a)		9	
3 (b)		10	
4		11	
5 (a)		12	
5 (b)		13	
6 (a)			
Grand Total (सकल योग)			

मूल्यांकनकर्त्ता (हस्ताक्षर)
Evaluator (Signature)

पुनरीक्षणकर्त्ता (हस्ताक्षर)
Reviewer (Signature)

खंड - क / SECTION - A

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

1. (a) मानव आचरण के तरीके को निर्धारित करने में नैतिक सापेक्षवाद की भूमिका नैतिक निरपेक्षता की तुलना में अधिक महत्त्वपूर्ण है। परीक्षण कीजिये। (150 शब्द)

Moral relativism has a more important role in determining the course of human conduct than ethical absolutism. Examine. (150 Words) 10

मानव आचरण का निर्धारण व्यक्ति के नैतिक मूल्यों, अभिवृत्तियों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के सापेक्षता / निरपेक्षता के आधार पर भी होता है

नैतिक सापेक्षवाद नैतिक मूल्यों व मानवीय आचरण को कुछ स्वतंत्रता प्रदान करता है जबकि नैतिक निरपेक्षवाद (कांट द्वारा समर्थन) सभी परिस्थितियों में व्यक्ति को नैतिक होने की बात करता है

<u>अंतर</u>

① एक व्यक्ति को हथियार लौटाना जबकि वह पागल हो गया हो, नैतिक दृष्टि से सही नहीं है

② कभी-कभी दूसरे व्यक्तियों की जान बचाने के लिए नैतिक निरपेक्षवाद के सिद्धांत को त्यागा जा सकता है

③ नैतिक सापेक्षवाद व्यक्ति को परिस्थितियों के अनुसार आचरण करने में सक्षम बनाता

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

है।

④ एक तड़पते हुए हिरण को मारना नैतिकता की दृष्टि से सही है

⑤ एक सिविल सेवक तथा एक साधारण मनुष्य की नैतिकता भी अलग-अलग होती है।

⑥ एक भूखे व्यक्ति द्वारा रोटी चोरी करने को नैतिक सापेक्षवाद के आधार पर स्वीकार किया जा सकता है

⑦ नैतिक सापेक्षवाद किसी जघन्य अपराधी को फाँसी की सजा की बात करता है जबकि नैतिक निरपेक्षवाद यहाँ भी एक निश्चित प्रक्रिया के पालन पर आधारित है

निष्कर्षतः मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है जहाँ भावनाओं की प्रधानता होती है इस कारण नैतिक निरपेक्षवाद के बजाय नैतिक सापेक्षवाद अधिक व्यवहारिक प्रतीत होता है

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

(b) एक लोक सेवक के लिये कानून और अंतरात्मा के मध्य का चुनाव हमेशा कठिन होता है। एक उपयुक्त उदाहरण के साथ ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली दुविधा को स्पष्ट कीजिये। (150 शब्द)

Between law and conscience, the choice of a public servant is always difficult. Explain the dilemma arising in such a situation with an appropriate example. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

लोक सेवक के द्वारा अपने कार्यों का संचालन ~~किया गया है लेकिन~~ करने के लिए कानूनों का निर्माण किया गया है लेकिन कभी कभी कानून भी प्रभावी नहीं होता।

एक लोक सेवक द्वारा कानून के आधार पर आचरण आसान होता है ऐसी स्थिति में किसी प्रकार की नैतिक दुविधा उत्पन्न नहीं होती। यदि कानून व अंतरात्मा के मध्य चुनाव करना हो तो मुद्दा जटिल हो जाता है क्योंकि यह आवश्यक नहीं की कानून आवश्यक रूप से नैतिक हो जबकि दूसरी तरफ अंतरात्मा में निश्चितता के अभाव में नैतिक दुविधा उत्पन्न होती है।

उदा०

① एक गरीब अधीनस्थ द्वारा रिश्वत लेना जबकि वह रिश्वत अपनी माँ का इलाज करवाने के लिए ले रहा हो।

ऐसी स्थिति में कानून मानता है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

ये लरेंस की नीति अपनायी जायी लेकिन यदि यहाँ कानून के आधार पर कार्य किया जायेगा तो अधीनस्थ की नौकरी जा सकती है तथा उसकी माँ की जान भी जा सकती है अतः यहाँ नैतिक दुविधा की स्थिति विद्यमान है।

② एक ऐसी महिला को योजना का लाभ देना जो लाभार्थी तो है लेकिन उसके पास आवश्यक दस्तावेजों का अभाव है। यदि महिला अनुसूचित जाति की गरीब है तो नैतिक दुविधा की स्थिति के कारण कानून व अंतरात्मा में संघर्ष हो सकता है

निष्कर्षतः लोक सेवक द्वारा अपने आचरण को सामान्यतः कानून द्वारा संचालित करना चाहिए एवं विवेक की स्थिति में अंतरात्मा निश्चित व प्रबुद्ध होनी चाहिए।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

2. (a) यदि भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई को संस्थागत रूप दिया जाता है, तो इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सकता है, जबकि व्यक्तिगत पहल की अपनी सीमाएँ हैं। टिप्पणी कीजिये। (150 शब्द)

Corruption can be effectively curbed if the fight against it is institutionalised, as the individual initiative has its limitations. Comment. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

भ्रष्टाचार अपने पद का आर्थिक लाभ के लिए दुरुपयोग या अपने सही समय पर उपयोग न करना होता है।

वर्तमान में भारतीय प्रशासन के सामने भ्रष्टाचार की समस्या व्याप्त है। भ्रष्टाचार के कारण लोकतंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने में समस्या आ रही है

भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई के लिए व्यक्तिगत पहल से ज्यादा संस्थागत रूप की आवश्यकता है -

① व्यक्तिगत पहल के कारण केवल वह व्यक्ति ही नैतिक हो पाता है

② संस्थागत रूप देने से वर्तमान भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

③ शिक्षा व जागरूकता आधारित संस्थागत रूप के कारण आने वाली पीढ़ी को भी नैतिक बनाया जा सकता है।

④ व्यक्तिगत पहल के बावजूद अन्य व्यक्ति भ्रष्टाचारी बने रहते हैं। इस कारण कोई

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

विशेष लाभ प्राप्त नहीं होता है।
(5) व्यक्तिगत पहल का प्रभाव सीमित होता है जबकि संस्थागत लड़ाई के कारण विभिन्न प्रक्रियाओं, संस्थाओं व व्यक्तियों को ईमानदार बनाया जा सकता है।
(6) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग व संथानम समिति के अनुसार भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।

निष्कर्षतः संस्थागत प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत पहल की भी आवश्यकता है क्योंकि गांधीजी के अनुसार स्वयं को सुधारने से सारा संसार सुधर जायेगा।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright - Drishti The Vision Foundation

(b) शासन में शुचिता बढ़ने से हमेशा भ्रष्टाचार में कमी नहीं होती है। क्या आप इस बात से सहमत हैं? उदाहरण सहित अपने तर्क को प्रमाणित कीजिये। (150 शब्द)

Increase of probity in governance does not always result in decrease of corruption. Do you agree? Substantiate your argument with examples. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

शुचिता किसी व्यक्ति के कार्यों को नैतिक व ईमानदारी के आधार पर संचालित करने वाली गतिविधि है जिसमें उत्तरदायित्व, पारदर्शिता व जवाबदेहिता का समावेश रहता है।

सामान्यत: माना जाता है कि शुचिता भ्रष्टाचार पर नियंत्रण में सहायक होती है। शुचिता के कारण व्यक्ति मानवीय हितों के आधार पर कार्य करता है तथा इस कारण भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है। लेकिन लेकिन स्थिति सदैव मान्य नहीं होती है।

① शासन में शुचिता बढ़ने के बाद भी व्यक्ति आधारित भ्रष्टाचार जारी रहता है।

② शुचिता के कारण बाह्य दबाव आरोपित होता है और व्यक्ति ईमानदार हो जाता है लेकिन यह स्थिति स्थायी नहीं हो पाती।

③ व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार में शामिल न हो लेकिन विवेक के आधार

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

पर अपने पद का दुरुपयोग कर सकता है

④ यदि शासन में शुचिता के साथ-साथ भ्रष्टाचार भी कम आता है तो इसके लिए समाज भी नैतिक होना चाहिए

⑤ समाज के नैतिक न होने पर मांग के बजाय आपूर्ति आधारित भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

⑥ शुचिता के साथ-साथ सत्यनिष्ठा, ईमानदारी व समानुभूति के गुणों के विकास के माध्यम से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण किया जा सकता है

निष्कर्षतः भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने के शुचिता के साथ-साथ अन्य मूलभूत मूल्यों की भी आवश्यकता होती है

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

3. (a) अभिवृत्ति पद से आप क्या समझते हैं? क्या विभिन्न प्रकार की अभिवृत्तियाँ एक दूसरे को प्रभावित कर सकती हैं? (150 शब्द)

What do you understand by the term attitude? Can different types of attitude influence each other? (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

अभिवृत्ति किसी व्यक्ति की विचार/वस्तु के प्रति सकारात्मक, नकारात्मक या उभय प्रवृत्ति (सकारात्मक और नकारात्मक) की अभिव्यक्ति है जहाँ संज्ञानात्मक व भावनात्मक पक्ष के साथ-साथ सामान्यतः व्यवहार पक्ष भी शामिल होता है।

एक व्यक्ति संगीत के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रख सकता है तो मांसाहार को लेकर वह नकारात्मक अभिवृत्ति वाला हो सकता है। अभिवृत्तियों का निर्माण एक दीर्घकालिक सामाजिक व आनुवांशिक कारकों की भूमिका के कारण होता है।

सामान्यतः अभिवृत्तियों का निरंतर विकास होता रहता है तथा वे एक दूसरे को प्रभावित भी करती हैं-

(1) पाकिस्तान के प्रति नकारात्मक अभिवृत्ति वाला व्यक्ति सामान्यतः पाकिस्तान के लोगों के प्रति भी नकारात्मक अभिवृत्ति रखेगा।

(2) जो अभिवृत्ति अधिक तीव्र होगी वह प्रभावी हो जायेगी।

(3) भ्रष्टाचार के प्रति नकारात्मक अभिवृत्ति व्यक्ति में

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिख[illegible] चाहिये।
(Candidate must no[illegible] write on this margi[illegible]

सत्यनिष्ठता व ~~[illegible]~~ पारदर्शिता के गुणों का समावेश होगी।

④ स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति व्यक्ति को योग, खेलों के प्रति भी सकारात्मक अभिवृत्ति निर्माण के लिए प्रेरित करेगी।

⑤ जो अभिवृत्ति व्यक्ति की चिंतन प्रक्रिया में गहराई तक होगी तथा लाभदायक होगी, व्यक्ति उस अभिवृत्ति का पालन करेगा।

⑥ अभिवृत्ति व्यवहार को भी प्रभावित करती है।

निष्कर्षत: अभिवृत्तियाँ आपस में एक दूसरे से अपने तीव्रता के आधार पर प्रभावित होती है तथा व्यक्ति के व्यवहार को निर्धारित करती है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

3. (b) निर्णयन लेने में विवेक की भूमिका का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिये। (150 शब्द)

Analyze with an example, the role of discretion in decision making. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

विवेक व्यक्ति को कार्य करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है जो व्यक्ति के नैतिक मूल्यों को सकारात्मक व नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है

विवेक व्यक्ति को स्वयं की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है तथा व्यक्ति स्वयं की अंतरात्मा के आधार पर कार्य करता है

① विवेक के आधार पर लिया गया उत्तरदायित्व को क्षीण करता है। इस कारण भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल सकता है। एक व्यक्ति सड़क का निर्माण स्वयं के परिवार के लाभ या ग्राम समूह के लाभ के आधार पर विवेक के अनुसार कार्य कर सकता है

② सत्यनिष्ठ व्यक्ति अपने विवेक का प्रयोग समानता, अधिक लोगों के हित व सर्वोदय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कर सकता है। इस प्रकार कोई सांसद MPLADS के धन का प्रयोग अवसंरचना विकास के लिए कर सकता है

③ विवेक निर्णयन लेते समय व्यक्ति को

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

नैतिक चिंता व नैतिक दुविधा की स्थिति से भी बाहर निकलता है। न्यायाधीश द्वारा बाल यौन उत्पीड़न के अपराधी को मौत की सजा देना विवेक पर ही निर्भर करता है।

④ विवेक के आधार पर निर्णय लेते समय व्यक्ति को व्यापक हित, संविधान व कानूनों के अनुपालन के साथ-साथ त्रुटिविहीन, निश्चित अंतरात्मा के आधार पर कार्य करना चाहिए।

⑤ विवेक के आधार पर निर्णयन व्यक्ति को भ्रष्टाचारी बना सकता है तो व्यक्ति गांधीवादी भी बन सकता है।

निष्कर्षतः विवेक की निर्णयन प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका होती है लेकिन विवेक का उपयोग मानवता के हित के लिए किया जाना चाहिए। (द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग)

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लि[खना] चाहिये।
(Candidate must n[ot] write on this marg[in])

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

4. उपयुक्त उदाहरणों के साथ निम्नलिखित पदों के बीच के संबंध को समझाइये: (150 शब्द)

Explain with appropriate examples the relationship between the following terms:

(150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

(a) ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा (Honesty and Integrity)

ईमानदारी को सामान्यतः वित्तीय पक्ष तक सीमित किया जाता है। सत्यनिष्ठा का तात्पर्य ~~सुसंग~~ सुसंगति से है। सत्यनिष्ठा व्यक्ति के नैतिक आदर्शों व व्यवहार में सुसंगति से संबंधित है।

ईमानदारी का आशय यह है कि व्यक्ति अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा, भ्रष्टाचार नहीं करेगा तथा अपना उत्तरदायित्व सुनिश्चित करेगा। सत्यनिष्ठा बाह्य सुसंगति के साथ-साथ व्यक्ति के विभिन्न नैतिक सिद्धांतों में समानता की बात करता है। अपनी असफलता को स्वीकार करना तथा सदैव नैतिक रहने का प्रयास करना चाहिए

– एक प्रशासक धन का आदेश के अनुसार उपयोग कर ईमानदार हो सकता है तो सर्वोदय की धारणा के लिए धन का उपयोग उसे सत्यनिष्ठ भी बनायेगा।



www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

(b) शासन, सुशासन तथा कॉर्पोरेट प्रशासन (Governance, Good governance and Corporate governance)



→ शासन संसाधनों के उपयोग की एक पद्धति होती है जहाँ पारदर्शिता, उत्तरदायित्व के आधार पर कार्य किया जाता है और जब शासन में सर्वोदय, दक्षता व संविधानवाद का तत्व जुड़ जाता है तो सुशासन का तत्व सामने आता है।

(द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग)

कॉर्पोरेट शासन सुशासन का ही एक रूप है जहाँ किसी व्यवसाय में प्रक्रियाओं की निश्चितता, जवाबदेहिता व नैतिक तत्वों का समावेश हो।

उदा० → एक जिलाधिकारी सरकारी आदेश का पालन कर शासन की स्थापना करता है लेकिन जब इसमें सबका साथ सबका विकास तत्व जुड़ जाता है तो यह सुशासन हो जाता है। वही जिलाधिकारी अपने दफ्तर में अपने सहयोगियों व अन्य लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है यह कॉर्पोरेट प्रशासन का तत्व है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

5. (a) क्या आप इस बात से सहमत हैं कि कभी-कभी नियम एवं कानून समाज में नैतिक भ्रष्टाचार का आधार बन जाते हैं? (150 शब्द)

Do you agree that sometimes rules and laws become the basis for moral corruption in society? (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

नियम एवं कानूनों का निर्माण सुशासन की स्थापना तथा शासन प्रक्रिया को निश्चित तरीके से चलाने के लिए किया जाता है

नियम एवं कानून हमें यह बताते हैं कि हमें किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए जज के आने पर वकीलों का खड़ा होना नैतिक होने की निशानी है इस आधार पर सामान्यतः नियम एवं कानून समाज में नैतिकता के समावेश के लिए लाये जाते हैं -

सामान्यतः सदा ऐसा नहीं होता। समाज में नियम एवं कानून कभी कभी नैतिक भ्रष्टाचार का कारण भी बन सकता है

① प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 5 हेक्टेयर की सीमा से बचने के लिए लोगों द्वारा नैतिक भ्रष्टाचार का सहारा लिया जा सकता है

② अमेरिका में बंदूक रखने का नियम है लेकिन यह हिंसा के कारण सामान्यतः नैतिक भ्रष्टाचार

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

को ही बढ़ावा देता है।

③ राजस्थान में पंचायती चुनावों में शिक्षा की अनिवार्यता के कारण फर्जी प्रमाणपत्रों का मामला भी सामने आया था।

④ एक प्रशासक भी नियम एवं कानूनों का सहारा लेकर लालफीताशाही के माध्यम से ~~लालफीताशाही~~ नैतिक भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा देता है।

⑤ ट्रैफिक पुलिस द्वारा जुर्माने के नियमों की कठोरता का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता है।

निष्कर्षतः नियम एवं कानूनों को भी नैतिक आधार पर ~~परख~~ परखा जाना चाहिए जो नैतिकता व सत्यनिष्ठा के प्रसार में सहायक हो न कि नैतिक भ्रष्टाचार में।

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

5. (b) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) के लिये एक नैतिक ढाँचे को विकसित करने की आवश्यकता पर चर्चा कीजिये। (150 शब्द)

Discuss the need for developing an ethical framework for Artificial Intelligence (AI) and Internet of Things (IoT). (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

मशीनों मे विवेक के समावेशन के साथ ही इन मशीनों व इनके सन्चालकों के लिए नैतिक ढाँचे की स्पष्टता की मांग की जा रही है।

कृत्रिम बुद्धिमता व इंटरनेट ऑफ थिंग्स मानवीय हस्तक्षेप को कम कर इनके स्वतंत्र सन्चालन पर आधारित है। इस कारण इनके लिए नैतिक ढाँचा आवश्यक है -

① नैतिक ढाँचा एक सचालित कार द्वारा दुर्घटना होने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करेगा।

② नैतिक ढाँचा असीमो के नियमों की तरह यह स्पष्ट करेगा का कि इन मशीनों का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

③ इन तकनीकों का युद्ध क्षेत्र मे प्रयोग होने पर नैतिक उत्तरदायित्व का निर्धारण भी आवश्यक है।

④ इन मशीनों के उपयोग से कुछ व्यक्तियों का रोजगार चला जायेगा। अतः इस पक्ष के आधार पर भी नैतिक ढाँचे की आवश्यकता

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

पर बल दिया जाता है।

⑦ नैतिक ढाँचा यह सुनिश्चित करेगा कि इन तकनीकों की असफलता पर उत्तरदायित्व किसका होगा।

⑧ इन तकनीकों द्वारा मानवता, मानवीय संबंधों, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों व समाज में अनैतिकता/भौतिकता व पर डाले जाने वाले प्रभावों के लिए नैतिक ढाँचे की आवश्यकता है।

निष्कर्षतः ए. आई व आई. ओ. टी के लिए नैतिक ढाँचे का निर्धारण इनके नैतिक उपयोग व मानवता की रक्षा व संवृद्धि के लिए आवश्यक है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

6. (a) कार्य संस्कृति क्या है? क्या आपको लगता है कि विभिन्न प्रकार के संगठनों में अलग-अलग कार्य संस्कृति पाई जाती है? (150 शब्द)

Explain what is work culture. Do you think that different types of organizations have different work culture? (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

कार्य संस्कृति किसी विशेष कार्य के प्रति कर्मचारियों की अभिवृत्ति के बारे में सूचना देती है। कार्य संस्कृति बताती है कि कर्मचारियों के मध्य संबंध व कार्य के प्रति नजरिया कैसा है

कार्य संस्कृति का निर्माण

व्यक्ति के नैतिक मूल्यों, आचरण के साथ-साथ दफ्तर में अनुशासन के आधार पर होता है। कार्य स्थल का नेतृत्वकर्ता वहाँ की कार्य संस्कृति का प्रमुख निर्धारक होता है। इस कारण अलग-अलग संगठनों में कार्य संस्कृति भी अलग-अलग होती है

① निजी क्षेत्र में उत्तरदायित्व, पारदर्शिता व जवाबदेहिता के तत्वों की उपस्थिति के कारण प्रतिबद्धता आधार कार्य संस्कृति उपस्थित होती है।

② सरकारी क्षेत्र में गोपनीयता, लालफीताशाही व सामान्यतः अनैतिकता की कार्य संस्कृति पाई जाती है।

③ भौगोलिक कारणों व सांस्कृतिक तत्वों के कारण पश्चिमी विश्व व भारत तथा उत्तरी

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को इ
हाशिये में नहीं
चाहिये।
(Candidate mus
write on this ma

भारत व दक्षिणी भारत की कार्य संस्कृति में भी पर्याप्त अंतर पाया जाता है।

(4) कार्य संस्कृति का निर्माण सांस्कृतिक कारकों, मनुष्यों के सुपर ईगो के विकास व नियंत्रण की पद्धति पर निर्भर करता है।

(5) एक अस्पताल व मिलिट्री बेस की कार्य संस्कृति में भी पर्याप्त अंतर पाया जाता है।

(6) कार्य संस्कृति में अंतर के कारण उत्तरदायित्व, नैतिकता, प्रतिबद्धता, समानुभूति व समर्पण की भावना का भी अंतर पाया जाता है।

निष्कर्षतः कार्य संस्कृति का निर्धारण विभिन्न तत्वों द्वारा पृथक रूप से किया जाता है इस कारण विभिन्न संगठनों की कार्य संस्कृति में पर्याप्त अंतर पाया जाता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

6. (b) मानवीय मूल्यों तथा अन्य मूलभूत मूल्यों के बीच संघर्ष में मानवीय मूल्यों की जीत होनी चाहिये। क्या आप इससे सहमत हैं? उदाहरण सहित अपने तर्क को सिद्ध कीजिये। (150 शब्द)

In case of conflict between human values and other fundamental values, the former should triumph. Do you agree? Justify your argument with an appropriate example. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

हितों के अंतर, मूल्यों के निर्माण की प्रक्रिया में अंतर के कारण विभिन्न प्रकार के मूल्यों में भी संघर्ष पाया जाता है।

मूल्य

मानवीय
- मानवप्रेम
- परोपकार
- पर्यावरण संरक्षण
- अहिंसा

अन्य
- प्रतिबद्धता
- समर्पण
- उत्तरदायित्व

यदि इन मूल्यों के मध्य संघर्ष उत्पन्न होता है तो मानवीय मूल्यों की जीत होनी चाहिये क्योंकि -

① मानवीय मूल्य नैतिकता की निरंतरता व नैतिकता के विकास के लक्ष्य आवश्यक होते हैं।

② मानवीय मूल्य परोपकार व मानवीयप्रेम के माध्यम से हमें नैतिक बनाते हैं तथा मानव होने का आभास करवाते हैं।

③ यदि कोई मशीन समर्पण के मूलभूत मूल्य के आधार पर कार्य करते हुए मानवता

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

को नुकसान पहुंचाती है तो यह अनैतिक कार्य माना जाना चाहिए।

④ मूलभूत मूल्य भौगोलिक व नैतिकता के दायरे में सीमित होते हैं। समर्पण का मूल्य किसी ऑफिस के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है तो मानवीय मूल्य सम्पूर्ण मानवता के विकास पर आधारित है।

⑤ मूलभूत मूल्यों यथा समर्पण, प्रतिबद्धता के कारण विश्व युद्ध भी सामने आये हैं जो मानवता के विरोधी थे।



निष्कर्षतः मानवता व नैतिकता के साथ-साथ सभ्यता के संरक्षण व निरंतर विकास के लिए मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

7. (a) समूह, भीड़ और उपद्रवी भीड़ जैसे विभिन्न विन्यासों में मानव के आचरण पर सामाजिक प्रभाव और अनुनयन के प्रभाव का विश्लेषण कीजिये। (150 शब्द)

Analyze the impact of social influence and persuasion on the conduct of human beings in different settings like group, crowd and mob. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

मानव अपना आचरण अपने नैतिक मूल्यों के साथ-साथ दबाव, डर, लालच के कारण भी संचालित करता है।

मानव एक सामाजिक प्राणी है तथा इस कारण वश विभिन्न सामाजिक समूहों का साथ भी होता है। इन समूहों द्वारा मानव की नैतिकता एवं नैतिक मूल्यों के दायरे का विस्तार किया जाता है।

प्रभाव

① भीड़ से घिरा हुआ अल्पसंख्यक व्यक्ति किसी धर्म विशेष के भगवान के नारे को डर के आधार पर लगा सकता है।

② भीड़ व्यक्ति की पहचान छीन लेती है इस कारण वश हिंसक भी हो सकता है। (आरक्षण आंदोलन)

③ एक जिलाधिकारी द्वारा मानवीय मूल्यों के आधार पर अपील करने पर अनुनयन के कारण भीड़ की अभिवृत्ति में परिवर्तन भी हो सकता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उम्मीदवार को हाशिये में नहीं ... चाहिये। (Candidate mu... write on this m...)

④ भीड़ या समूह के दबाव में आकर व्यक्ति बलात्कार जैसे जघन्य कार्यों को भी कर सकता है।

⑤ विशेष समूह द्वारा अनुनयन के प्रभाव के कारण ही आतंकवादी अपनी जान देने के व्यवहार को भी अभिव्यक्त करते हैं।

⑥ कभी-कभी भीड़ व्यक्ति को नैतिक कार्य के लिए भी उकसाती है। व्यक्ति समूह के दबाव में आकर दान कर सकता है तो अस्पृश्यता के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति रखने वाला व्यक्ति कुछ समय मानवीय समानता के सिद्धांत को स्वीकार कर सकता है।

निष्कर्षतः मानव के सामाजिक व्यवहार व आचरण पर भीड़ द्वारा सामाजिक प्रभाव व अनुनयन का सामान्यतः नकारात्मक प्रभाव ही दिखाई देता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

7. (b) लोक सेवकों में भावनात्मक बुद्धिमत्ता के विकास की चुनौतियों की चर्चा कीजिये। (150 शब्द)

Discuss the challenges of inculcating emotional intelligence in public servants. (150 Words) 10

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

भावनात्मक बुद्धिमता स्वयं की भावनाओं को प्रत्यक्ष प्रबंधित कर दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ-साथ प्रबंधित करने से भी संबंधित है।

भावनात्मक बुद्धिमता व्यक्ति में समानुभूति करुणा व कल्याण की भावना का समावेश करती है इसी कारण नैतिक शासन की अवधारणा सामने आती है। सिविल सेवकों में भावनात्मक बुद्धिमता के समावेश में निम्न चुनौतियाँ हैं-

① अभिजात्यता व लालफीताशाही के कारण लोक सेवकों में भावनात्मक बुद्धिमता का समावेश नहीं हो पाता।

② सिविल सेवकों की अभिवृत्तियाँ भी भावनात्मक बुद्धिमता के विकास में प्रमुख बाधक है

③ करुणा की थकान के कारण भी भावनात्मक बुद्धिमता का विकास बाधित ही रहता है।

④ उचित प्रशिक्षण व्यवस्था के अभाव के कारण भी भावनात्मक बुद्धिमता का समावेश नहीं हो पाता।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

drishti | दृष्टि The Vision

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये। (Candidate must not write on this margin)

⑤ सत्यनिष्ठा का अभाव व भ्रष्टाचार के कारण सिविल सेवकों के कल्याण के दृष्टिकोण की तरफ उन्मुख नहीं हो पाता।

⑥ लोक सेवक की समाजीकरण की प्रक्रिया भी भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बाधित करती है।

इसके लिए प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार, उचित समाजीकरण, लोक सेवकों का गांधीवाद के प्रति झुकाव व सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देकर भावनात्मक बुद्धिमत्ता का विकास किया जा सकता है।

निष्कर्षतः सर्वोदय व समावेशी विकास व लोकतंत्र की सफलता के लिए लोक सेवकों में विभिन्न माध्यमों से भावनात्मक बुद्धिमत्ता का विकास किया जा सकता है।

www.drishtiias.com
Contact: 8750187501, 8448485517
Copyright – Drishti The Vision Foundation

खंड - ख / SECTION - B

उम्मीदवार को इस हाशिये में नहीं लिखना चाहिये।
(Candidate must not write on this margin)

8. अमृता एक सरकारी विभाग में युवा आई.ए.एस. अधिकारी हैं। इस विभाग में कुछ समय कार्य करने के पश्चात् उसे ज्ञात होता है कि महिला कर्मचारियों का पद पुरुष कर्मचारियों की तुलना में गौण है। पुरुष कर्मचारी वरिष्ठ महिला अधिकारियों से आदेश नहीं लेना चाहते हैं; इसके अतिरिक्त महिलाओं को महत्त्वपूर्ण विभागीय परियोजनाओं में शामिल नहीं किया जाता है और उनका उपहास बनाया जाता है, और यहाँ तक कि इस प्रकार की परियोजनाओं में शामिल होने से भी हतोत्साहित किया जाता है।

अमृता को अनौपचारिक माध्यम से ज्ञात होता कि विभाग प्रमुख भी इसी मानसिकता एवं मान्यताओं का अनुगामी है और उसका मानना है कि महिलाओं को इस विभाग में नहीं भेजा जाना चाहिये।

अमृता द्वारा कौन-से कदम उठाए जाने चाहिये जिससे कार्य संस्कृति महिलाओं के अनुकूल हो।

(250 शब्द)

Amrita, a young IAS officer, has joined a government department. After working for a while in this department, she realizes that position of women staff is subservient to male staff. Male staff don't want to take orders from senior women officers. Moreover, women are not taken on serious departmental projects and are derided, and even discouraged even from attempting such a project.

Amrita through informal channels comes to know that even the Head of the Department is of the same mindset and believes that women should not be sent to this department.

Discuss the course of action Amrita should take so that the work culture becomes conducive for women. (250 Words) 20

